an>

Title: Reference regarding the Quit India Movement.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कल 9 अगस्त है, हमारी छुट्टी है, इसलिए आज ही मैं पढ़ रही हूं। 72 वर्ष पूर्व इसी दिन 9 अगस्त, 1942 को महात्मा गांधी ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' का आह्वान किया था, जिसने पूरे देश में ब्रिटिश राज की बेड़ियों से मुक्त होने के लिए एकजुट होकर खड़े होने का जोश भर दिया था।

'भारत छोड़ो आंदोलन' हमारे स्वतंत्रता संग्राम की सर्वाधिक महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है, जिसने पूर्ण स्वराज्य के हमारे प्रयासों को एक निर्णायक बल प्रदान किया था।

इस अवसर पर हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले तथा अपना पूरा जीवन होम करने वाले सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आदर्शों का स्मरण करते हुए भारत को शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाने का अगर आज प्रण करते हैं तो ज्यादा उचित होगा।

अब सभा स्वतंत्रता संग्राम सेना के सभी सेनानियों की स्मृतियों में मौन खड़ी रहेगी।

11.02 hrs

The Members then stood in the silence for short while.